## बारिश से वैनगंगा नदी का जलस्तर बढ़ा

**छपारा, देशबन्धु।** जिले सहित छपारा क्षेत्र में विगत 14 जून से हो रही लगातार बारिश के चलते बैनगंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। वहीं सोमवार 07 जुलाई की सुबह लगभग तीन घंटे हुई मूसलाधार बारिश से छपारा नगर के कई स्थानों पर जल भराव की स्थिति बन गई

बताया जा रहा है कि विकासखंड अंतर्गत हो रही जोरदार बारिश ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए ऊपरी हिस्से में हुई बारिश से गंगाढाना ग्राम में बैनगंगा नदी में बने पुल के ऊपर से पानी जा रहा था जिससे कुछ घंटों के लिए आवागमन अवरुद्ध रहा। इसके अलावा, पहाड़ी क्षेत्र से आने वाली ठेल नदी और अन्य क्षेत्रीय नालों में भी जलस्तर में जमकर वृद्धि हुई जिसकी वजह से बैनगंगा नदी का जलस्तर लगातार तेजी से बढ़ रहा है। इस स्थिति को देखते हुए, आगामी कुछ दिनों में विकासखंड के ग्राम भीमगढ स्थित संजय सरोवर परियोजना के भीमगढ डैम के गेटों से पानी निकासी की संभावना बढ़ गई है।



### कई स्थानों पर जलप्लावन

प्रशासन द्वारा लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है और आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।यह भी ज्ञात हुआ है कि जिले में पूर्व के दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण विकासखंड को जोड़ने वाले मार्ग पर स्थित पुलों और नालों का जलस्तर बढ़ने से आवागमन भी बाधित हो गया है।

वहीं सोमवार सुबह लगभग तीन घंटे हुई लगातार मूसलाधार बारिश से छपारा नगर के महाराणा प्रताप वॉर्ड अंतर्गत हाईवे कालोनी, हनुमान कालोनी, जामा मस्जिद महाराणा प्रताप कॉलोनी में जल भराव की स्थिति बन गई जिससे कई मकानों में पानी घुस गया साथ ही नगर के माता वॉर्ड, जयराम कॉलोनी में भी जल भराव की खबरें निकल कर आई।

नगर के बीचों बीच बहने वाले नाला सुबह से ही उफान पर रहा जिसके दोनों ओर पुलिस प्रशासन ने वहां से निकलने पर लोगो को रोका और जब तक नाले का पानी कम नहीं हुआ तब वहां पुलिस ने कर्मठता से ड्यूटी की। साथ ही लगातार बारिश के कारण किसानों की फसलों को अब नुकसान पहुंच रहा है, वहीं दूसरी ओर लोगों को भी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## पांढुर्णा में आपातकालीन सेवाएं ठप

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** एक ओर मध्य प्रदेश में अपराध और आपराधिक घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, तो दूसरी ओर आपातकालीन सेवाओं का बुनियादी ढांचा खुद ही कराह रहा है। प्रदेश की बहुप्रचारित डायल 100 सेवा, जो एक कॉल पर सहायता पहुंचाने का दावा करती है, पांढुर्णा जिले में अपने बुरे दौर से गुजर रही है।

सौंसर थाना क्षेत्र की डायल 100 सेवा तो अब सोशल मीडिया पर धक्का 100 'के नाम से बदनाम हो चुकी है। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें पुलिसकर्मी वाहन को स्टार्ट करने के लिए धक्का मारते नजर आ रहे हैं। इसके बावजूद वाहन स्टार्ट नहीं हुआ, जिससे लोगों को यह सोचने पर मजबूर होना पड़ा कि आपातकाल में वे किस पर भरोसा करें?

**आपातकालीन सेवा... जो खुद ही आपातकाल में** – डायल 100, जिसे मध्य प्रदेश पुलिस की फर्स्ट रिस्पॉन्स यूनिट कहा जाता है – का उद्देश्य घटनास्थल पर त्वरित प्रतिक्रिया देना है। यह सेवा भोपाल कॉल सेंटर से संचालित होती है, जहां से कॉल रिसीव कर तत्काल नजदीकी वाहन को भेजा जाता है। परंतु पांढुर्णा जिले की जमीनी



### पुलिस गाड़ियां कबाड़ में तब्दील

हकीकत इससे उलट है। सौंसर क्षेत्र की डायल 100 गाड़ी तो कबाड़ बन चुकी है। वाहन चालक सतेंद्र साहू ने बताया कि यह वाहन हाल ही में जबलपुर से सर्विसिंग होकर आया है, लेकिन फिर से इसमें तकनीकी गड़बड़ी आ गई है।

**बोल्ड कॉलम** – पांढुर्णा जिले में डायल 100 जैसी महत्वपूर्ण सेवा की खस्ता हालत स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार के लिए एक चेतावनी है। यदि जल्द ही आवश्यक सुधार नहीं किए गए, तो जनता का विश्वास पूरी व्यवस्था से उठ सकता है। जरूरत है, जमीनी हकीकत को गंभीरता से लेकर तत्काल कदम उठाने की।

### सिर्फ सौंसर नहीं, जिले की अधिकांश गाड़ियां खराब

सिर्फ सौंसर ही नहीं, पांढुर्णा जिले के अन्य थानों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। कई थानों की डायल 100 गाड़ियां वर्षों पुरानी हो चुकी हैं और समय पर मेंटेनेंस नहीं मिलने के कारण यह कबाड़ में तब्दील हो चुकी हैं। ऐसे में अपराध स्थल पर समय पर पहुंचना तो दूर, वाहन स्टार्ट कर पाना ही बड़ी चुनौती बन गया है।

### पुलिस सुधार योजनाएं कागज़ों तक सीमित

मध्य प्रदेश पुलिस ने आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को आधुनिक बनाने और आम जनता को समय पर सहायता पहुंचाने के लिए डायल 100 जैसे प्रयास किए थे। लेकिन पांढुर्णा जैसे क्षेत्रों में इन प्रयासों की जमीनी सच्चाई बेहद निराशाजनक है। यह स्थिति न केवल पुलिस प्रशासन की नाकामी को दर्शाती है, बल्कि आम जनता के विश्वास पर भी कुठाराघात करती है। अपराध या दुर्घटना की स्थिति में जब हर पल कीमती होता है, तब ऐसी लचर सेवाएं लोगों की जान पर भारी पड़ सकती हैं।

## सार-समाचार

### विठ्ठल मंदिर में महोत्सव के रुप में मनाई गई एकादशी



**रामाकोना, देशबन्धु।** ग्राम रामाकोना से कुछ किलोमीटर दुरी पर स्थित ग्राम बिछुआ बग्गु मे आषाढ़ी एकादशी के पावन पर्व पर विठ्ठल मंदिर मे एकादशी को महोत्सव के रुप मे मनाया गया । इस अवसर पर माँ दुर्गा महिला भजन मंडल ने विठ्ठल भगवान के भजनो की प्रस्तुति दी जिसमे सभी उपस्थित भक्तो का मन मोह लिया । मीरा बाई भक्ते के संचालन मे भजन मंडली द्वारा प्रस्तुति दी गयी. इसके अलावा श्रीमती भक्ते द्वारा भी अपने अंदाज मे शानदार भजन की प्रस्तुति दी गयी ।

### गुरुकुल विद्या निकेतन की कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में ब्लॉक टॉपर छात्राओं का किया सम्मान



**रामाकोना, देशबन्धु।** ग्राम के दुर्गा कॉलोनी स्थित स्वर्गीय रामभाऊ जी खंडाईत शिक्षण समिति द्वारा संचालित गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल की तीन छात्राओं को एक प्रयास संघटन एवं प्रकाश भाऊ उईके हेल्प ग्रुप के सयुंक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम मे सम्मानित किया गया । यह सम्मान हाल ही मे कक्षा 10 वी बोर्ड परीक्षा मे ब्लॉक स्तर पर अच्छे प्रतिशत अंक लाने के लिए सत्कार किया गया । रविवार को सौसर नगर के रॉयल हेरिटेज लॉन मे प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम मे गुरुकुल विद्या निकेतन की तीन छात्राएं अश्विनी डबले, मानसी उपासे, ईशिका भक्ते को प्रकाश भाऊ उईके, क्षेत्र के पूर्व विधायक अजय चौरे, पूर्व विधायक रामराव महाले, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय राठी, एडोकेट एम एम पूरी, पूर्व भाजपा अध्यक्ष नरेंद्र परमार, संतोष जैन के हस्ते सम्मानित किया गया ।इस पर तीनो छात्राओं द्वारा अपने उदबोधन मे अपनी उपलब्धि का श्रेय गुरुकुल विद्या निकेतन के संचालक सदाशिव खंडाईत, प्राचार्या लक्ष्मी खंडाईत, तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ को दिया गया।

## आजाद भारत के बलिदान में मुखर्जी को भुलाया नहीं जा सकता : विधायक नागेश



**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस दिन रविवार को नगर के स्थानीय एसआरजी कार्यालय में प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती श्रद्धा, गौरव व प्रेरणा के भावों के साथ भाजपाइयों द्वारा मनाई गई। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल द्वारा सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पहार भेंट करते हुए पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया।

श्री पटेल ने मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन काल से लेकर पुण्यतिथि तक विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को कभी भुलाया नहीं जा सकता उनका बलिदान आजाद भारत राजनीति का पहला बलिदान है। जिनकी मार्ग पर चलकर कार्यकर्ताओं ने विपरीत परिस्थिति में भी राष्ट्र के प्रति समर्पित रहकर देश की सेवा की है हम सभी को उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है।इस कार्यक्रम में सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर मुखर्जी का पुण्य स्मरण भी किया तथा अपनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

कार्यक्रम के अवसर पर सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे, मंडल अध्यक्ष अंजनी दीपक सोनी, जनपद उपाध्यक्ष दादूराम पटेल, अर्जुन मालगुजार, जितेन्द्र चौबे, गोविन्द पटेल, देवदत्त पचौरी, राजेश पटेल, जितेन्द्र चंदौरिया, दुलीचंद विश्कर्मा, राजू सोनी, राजा ठाकुर, राजेश पटेल, अभिषेक सोनी, कान्हा छिरा, ओम दुबे, पंकज परसवार सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

### भाजपा मंडल ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश संगठन एवं भाजपा जिला संगठन के निर्देश नगर मंडल भाजपा के बूथ क्रमांक 215 वार्ड नंबर 10 में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी जयंती कार्यक्रम बूथ अध्यक्ष संजीव शर्मा जी के निवास स्थान पर वार्ड के प्रभारी एवं मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सूर्यवंशी के साथ समस्त पार्टी के वरिष्ठ जनों के साथ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्र पर मलयार्पणकर साध्य सुमन अर्पित कर नमन किए गए, भाजपा विधि प्रकोष्ठ



मंडल संयोजक एडवोकेट राजेश कौशल ने बताया की 6 जुलाई 1901 को जन्मे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मात्र 52 वर्षों के जीवन में राष्ट्र की एकता, अखंडता और आत्मसम्मान के लिए अद्वितीय योगदान दिया।

देश की एकता के लिए उन्होंने अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। आज उनकी 125वीं जयंती पर हम उन्हें शत्-शत् नमन करते हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता भूषण अरोरा , राहुल अमूले जितेंद्र महारो, विशेष चौरसिया, बूथ महामंत्री राजेश कैथवास, नितिन (भाऊ) , भारत भूषण अरोरा समेत वार्ड वासी उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम के बाद पौधरोपण किया



**छपारा, देशबन्धु।** भाजपा मंडल ने प्रखर राष्ट्रवादी महान शिक्षाविद भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती स्थानीय रेस्ट हाउस में 16 जुलाई को 2:00 बजे आयोजित की गई कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की छायाचित्र पर तिलक लगाकर माल्यार्पण कर सभी ने पुष्प अर्पित किया तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के पश्चात सभी पदाधिकारी ने रेस्ट हाउस प्रांगण में फलदार वृक्ष रोपण किया।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद विधायक नीता पटेरिया नगरपरिषद की अध्यक्ष निशा सुरेश पटेल जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह महामंत्री राघवेंद्र पाठक नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह कार्यक्रम के संयोजक प्रशांत सिंह पार्षद शिवनीता जितेंद्र राजपूत निर्मला ठकारीय रेखा जावरे नागेंद्र सिंह राजपूत ठाकुर धर्मेंद्र सिंह चेतराम डेहरिया राजेश मुकेश मनमौजी डॉ संजय दुबे पार्षद राकेश भारद्वाज धर्मेंद्र जैन विशाल सिंह दिनेश उईके दीपक कोस्टा अंकित सिंह मुकेश रजक ईश्वर कोस्ट स्वर्णिम चंदेल सार्थक अग्रवाल जितेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जुन्नारदेव के रेल ओवरब्रिज की लांचिंग का शेड्यूल हो तय

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** सोमवार को जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके ने अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर नागपुर में मध्य रेल के डी आर एम विनायक गर्ग एवं वेकोलि के कार्मिक निदेशक डॉ हेमंत शरद पाण्डे से उनके कार्यालय में मुलाकात की। विधायक श्री उईके ने मध्य रेल के डी आर एम को क्षेत्र की रेल्वे सम्बन्धी समस्याओं का माँगपत्र सौपते हुए बताया कि जुन्नारदेव में निर्मित हो रहे रेल ओव्हर ब्रिज का निर्माण रेल्वे लाइन के दोनों ओर लगभग पूरा हो चुका है किंतु ओव्हरब्रिज को रेल लाइन के ऊपर से अभी लांचिंग ( जोड़ने ) की अनुमति प्राप्त होने में विलंब हो रहा है। जिससे की क्षेत्रवासियों को आवागमन करने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए तत्काल ओव्हरब्रिज की लॉन्चिंग का शेड्यूल तय



### नागपुर में विधायक सुनील उईके ने की डी आर एम एवं डी पी से मुलाकात

किया जाए जिससे की जुन्नारदेव शहर सहित क्षेत्र के लोगों का आवागमन सुचारू रूप से प्रारंभ हो सके।

इसके साथ ही पेंचव्हेली फास्ट पैसेंजर का स्टॉपेज पालाचौरई, हिरदागढ़ एवं बरेलीपार में पूर्ववत प्रारम्भ किया जाए तथा पातालकोट सुपरफ़ास्ट का स्टॉपेज हिरदागढ़ में भी प्रारम्भ किया जाए इसके साथ ही इन सभी रेल्वे स्टेशनों का उन्नयन किया जा कर यहाँ पर जन सुविधाएं बढ़ाई जाए। मुलाकात में डी आर एम विनायक गर्ग ने विधायक श्री उईके को शीघ्र ही इन समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिया।

सोमवार को ही विधायक सुनील उईके ने वेकोलि मुख्यालय में कार्मिक निदेशक डॉ हेमंत शरद पाण्डे से मुलाकात कर कन्हान क्षेत्र में शीघ्र ही स्थायी जी एम की नियुक्ति की माँग के साथ ही कन्हान क्षेत्र की कोयला खदानों की मशीनों एवं संसाधनों की पेंच एरिया में शिफ्टिंग को तत्काल रोकने की माँग भी की। इसी के साथ विधायक श्री उईके ने बंद एवं नई कोयला खदानों को प्रारम्भ करने के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग की ओर से स्वीकृति मिलने में हो रहे विलंब पर भी अपनी चिंता जाहिर करते हुए उचित कदम उठाए जाने की माँग भी कार्मिक निदेशक के समक्ष रखी।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 08 जुलाई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी, नक्षत्र-जेष्ठा।**

मेष - आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्ति में संलग्न रहेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं और गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेंगे। आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए बहुत अच्छा योग है।

वृषभ - आज आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोहों में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा। खुशी में समय व्यतीत होगा। तन-मन से प्रसन्नता अनुभव करेंगे।

मिथुन - अधूरे कामों को पूरा करने के लिए अच्छा समय है। आपके परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण होगा। अपने काम में यश एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे। लोगों के साथ संपर्क के दौरान स्वभाव को शांत रखना आवश्यक है।

कर्क - आज आपका दिन चिंता और भय से भरा रहेगा। शारीरिक और मानसिक तकलीफ भी रहेगी। नए काम के आरंभ के लिए दिन अनुकूल नहीं है। अचानक कोई खर्चा हो सकता है। **क-189-380**

सिंह - आज का दिन शुभ फलदायी नहीं है। घर में वाद-विवाद का वातावरण रहेगा। आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मन किसी चिंता में रहेगा। नेगेटिव विचार आपको परेशान करेंगे।।

कन्या - आज आपको किसी भी काम में बिना सोचे-समझे भाग नहीं लेना है। साथियों के साथ अच्छी तरह से समय गुजरेगा। भावनात्मक संबंधों में आप नरम रहेंगे। मित्रों एवं स्वजनों से भेंट होगी। भाई-बहनों से लाभ होगा।

तुला - आज मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोधावेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होंगे। अनावश्यक खर्च होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। मन में ग्लानि रहेगी। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें।

वृश्चिक - आज का दिन अच्छा रहने वाला है। दोपहर के बाद तन और मन की प्रसन्नता रहेगी। सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी। परिजनों के साथ आनंद-उल्लास में समय व्यतीत होगा। मित्रों, स्नेहीजनों से उपहार मिलने से मन खुश होगा।

धनु - आज अपनी बोली पर संयम रखें। आपको किसी बात पर गुस्सा भी आ सकता है। इससे किसी के साथ वाद-विवाद हो सकता है। मानसिक रूप से चिंता सताएगी। दुर्घटना से सावधान रहें। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

मकर - सामाजिक कामों से आपको लाभ होगा। मित्रों तथा सम्बंधियों के साथ हुई भेंट आपके लिए लाभदायी सिद्ध हो सकती है। विवाहोत्सुक जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन होगा।

कुंभ - आज आपका दिन अनुकूल है। आप का हर काम सरलता से पूरा होगा, जिस वजह से आप प्रसन्न रहेंगे। कार्यालय और व्यापार में अनुकूल परिस्थिति का वातावरण रहेगा। बड़ी सफलता भी मिल सकती है।

मीन - मन में व्याकुलता एवं अशांति का अहसास बना रहेगा। शारीरिक रूप से आपको थकान का अनुभव होगा। अधिकारियों के साथ संभलकर चलें। संतान के विषय में चिंता हो सकती है। व्यर्थ में धन खर्च होगा। **माँ-590-568**

1,3,5,7,12,30,55,70,75,03,51,24

## सरपंच पर लगा किसान की फसल बर्बाद करने का आरोप

**छपारा, देशबन्धु।** जिले के छपारा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहली में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें किसान केशरी लाल टेकाम ने ग्राम पंचायत मोहली के सरपंच नंदलाल अहाके पर अपनी फसल बर्बाद करने और जमीन हड़पने की कोशिश का गंभीर आरोप लगाया है।

बताया जाता है कि इस संबंध में पीड़ित किसान केशरीलाल तेकाम ने स्थानीय पुलिस चौकी भीमगढ़ कालोनी में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, किसान केशरीलाल तेकाम ने ग्राम सागर मोहली में स्थित 2.5 एकड़ भूमि, जो सर्वे क्रमांक 53 और 26 पर स्थित है और जिसकी भू-स्वामी बुधनबाई अहाके (जो कि सरपंच नंदलाल अहाके की बड़ी माँ हैं) को 24 मई 2024 को 3 साल के लिए ठेके पर लिया था। केशरीलाल ने आरोप लगाया है कि उन्होंने विगत 21 दिसंबर 2024 को अपनी बोई गई गेहूं की फसल पर सरपंच नंदलाल अहाके को ट्रैक्टर



### लगातार दो बार बुआई फसल पर चलाया ट्रैक्टर, पुलिस चौकी में दर्ज की शिकायत

### ग्राम मोहली सागर का मामला

चलाकर नष्ट करते देखा। इसके बाद उन्होंने 17 जून 2025 को उसी भूमि पर मक्का की फसल बोई, जिसे 21 जून 2025 को सरपंच ने रात में ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया और उसी खेत में धान की बुवाई कर दी।

केशरीलाल तेकाम का आरोप है कि सरपंच नंदलाल अहाके उक्त जमीन को हड़पने की कोशिश कर रहा हैं। पीड़ित किसान ने सरपंच के खिलाफ उचित जांच, नुकसान की भरपाई और दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

इस मामले में क्षेत्रीय पुलिस चौकी भीमगढ़ में 2 जुलाई 2025 को एक लिखित शिकायत दर्ज की गई है। इसके साथ ही एक अन्य शिकायत पुलिस अधीक्षक के नाम भी दी गई है, जिसमें पुलिस चौकी प्रभारी मुरलीधर पटेल से उचित जांच कर नुकसान की भरपाई और दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई है।

किसान केशरीलाल ने बताया कि सरपंच नंदलाल अहाके की बड़ी माँ बुधनबाई अहाके ने भी इस बात की पुष्टि की है कि सरपंच उनकी जमीन को हड़पने की कोशिश में हैं। इस घटना ने क्षेत्र में तनाव पैदा कर दिया है और ग्रामीण सरपंच के इस कृत्य से हैरान हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**इनका कहना है –**

मेरे पास गत दिनों केशरी द्वारा इस मामले पर शिकायत दी गई थी जिस पर जांच जारी हैं सभी के बयान लेकर उचित कार्यवाही कि जायेगी।

**मुरलीधर पटेल**
चौकी प्रभारी भीमगढ़ कॉलोनी

## समय सीमा बैठक आयोजित

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सात जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति रही। इसी तरह विभिन्न विभागों के खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर संस्कृति जैन ने सभी एसडीएम से अपने क्षेत्र में अति वृष्टि के कारण ऊफान में नदी नालों की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने छोटे पुलों-रपटों में व्यवस्थित बैरीकेटिंग करते हुए कर्मचारियों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी सीएमओ को भी नगरीय क्षेत्रों में जल भराव वाले क्षेत्रों की मॉनिटरिंग करते हुए जेसीबी एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था रखते हुए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने ईई पीएचई को सम्पूर्ण मानसून के दौरान नल जल योजनाओं के माध्यम से होने वाली पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने बैठक में उपस्थित जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से भीमगढ़ बांध में जल भराव की स्थिति तथा जल आवक की जानकारी लेकर बांध के गेट खोलने की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दे।